तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, शनिवार 6 अप्रैल 2024

10 कांग्रेस के लोकसभा चुनाव कार्यालय का जिला मुख्यालय ...

08 चरणदास की टिप्पणी पर बिफरे भाजपाइयों ने








# NEET और JEE में चयन नहीं होने पर शत-प्रतिशत फीस वापसी की गारंटी

**प्राइम कैरियर में ड्रापर व समर कोर्स 8 अप्रैल से प्रारंभ**

**भिलाई।** ऐसे छात्र-छात्राएं जो अभी 12वीं की परीक्षा दिए है। उसके लिए 8 अप्रैल से ड्रापर बैच प्रारंभ हो रहा है। जो कि NEET व JEE के छात्र-छात्राओं के लिए है। ड्रापर बैच प्रत्येक दिन 6 घंटे क्लास व 3 घंटे डाउट क्लास लिया जाता है। प्रत्येक रविवार को परीक्षा नीट व जेईई परीक्षा पर आधारित टेस्ट ली जाती है। जिसका परिणाम प्रत्येक सोमवार को आता है। छात्र-छात्राओं को पढ़ाने वाले फैक्ल्टी आईआईटीयंस डॉक्टर्स छात्रों को शिक्षा देते है। पिछले वर्ष नीट परीक्षा में कुंवर सिंह 720 नंबर में 695 अंक प्राप्त कर पूरे छत्तीसगढ़




में प्रथम स्थान हासिल किया। इसी तरह अपूर्व 680, अंकित मंडावी 655, ओमप्रकाश 632, आकांक्षा यादव 617, श्वेता सिंह 612 अंक प्राप्त कर छत्तीसगढ़ में सर्वश्रेष्ठ परिणाम देकर एक अलग पहचान बनाया है। आईआईटी-जेईई की परीक्षाओं में समीर, लाडेकर आईआईटी मुंबई, शैलेंद्र साहू आईआईटी पटना, प्रफुल देवांगन आईआईटी B.H.U. में दाखिला हुआ। इसी तरह अनेक छात्र-छात्राओं ने देश के प्रतिष्ठित मेडिकल कॉलेज और आईआईटी व NIT कॉलेज में दाखिल हुआ। प्राइम कैरियर इस्टीट्यूट भिलाई शाखा में लगातार नीट व जेईई में टॉप टेन में परिणाम दे रहा है। जो देश में एक अलग पहचान बनाया है क्योंकि यहां डॉक्टर और आईआईटीयंस के द्वारा बच्चों को पढ़ाया जाता है। यहां हॉस्टल की भी सुविधा है। वैसे छात्र जो अभी 10वीं की परीक्षा दिए है। उन छात्र-छात्राओं के लिए समर कोर्स 8 अप्रैल से प्रारंभ हो रहा है। समर कोर्स में यहां 100 प्रतिशत कोर्स कम्पलिट कराया जाता है। समर कोर्स वाले बच्चों को स्टडी मटेरियल भी दिया जाता है। जो कि नीट व जेईई के छात्र के लिए बहुत उपयोगी है। यह समर कोर्स केवल तीन माह के लिए है। बच्चों के लिए आयोजित मोटिवेशन क्लासेस भी होता है। प्राइम कैरियर इस्टीट्यूट पूरे प्रदेश में एक मात्र संस्था है जहां स्टार बैच भी है। स्टार बैच में पढ़ने के बावजूद नीट व जेईई में चयन नहीं होता है तो 100 प्रतिशत फीस रिफंड किया जाता है वह भी लिखित दस्तावेज में, भिलाई में तीन शाखा है। पहला प्राइप कैरियर इस्टीट्यूट सेक्टर-10 ए मार्केट, दूसरा 178/179 न्यू सिविक सेंटर, तीसरा 262 जोनल मार्केट में संचालित है। जिसका मो. नं. 83195-71812 व 7880168887

Advt


## खबर संक्षेप

### मां परमेश्वरी मंदिर में होगी ज्योति कलश की स्थापना

**बेमेतरा।** मंगलवार 9 अप्रैल से नवरात्र प्रारंभ हो रहा है। प्रत्येक वर्ष



की तरह इस वर्ष भी चैत्र नवरात्रि पर्व पर जिला मुख्यालय वार्ड क्रमांक 14 सिंघौरी स्थित मां परमेश्वरी मंदिर समिति द्वारा मनोकामना ज्योति कलश स्थापना किया जाना है। समिति ने श्रद्धालुओं से निवेदन किया है कि वह अपना मनोकामना ज्योति प्रज्वलित करने के लिए समिति अध्यक्ष राजू देवांगन अध्यक्ष मां परमेश्वरी मंदिर समिति, ब्लॉक अध्यक्ष देवांगन समाज बालहरि देवांगन, मंदिर कार्यालय प्रभारी राजेंद्र देवांगन, नगर देवांगन समाज अध्यक्ष युगल देवांगन से संपर्क कर ज्योति कलश शुल्क 1001 रु. जमा कर रसीद प्राप्त कर लें।

### नवोदय विद्यालय में रागिनी का हुआ चयन

**बेमेतरा/दाढ़ी।** नगर पंचायत मुख्यालय से महज 8 किलोमीटर के समीप में संचालित क्षेत्र का एकमात्र



सीबीएसई स्कूल व जिले का एक मात्र डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल जांता की कक्षा आठवीं की छात्रा रागिनी चन्द्राकार पिता अजय चन्द्राकार का कक्षा 9वीं के लिए जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में सफलता हासिल कर चयन हुआ है। प्राचार्य ने जानकारी देते हैं बताया कि स्कूल की होनहार छात्रा रागनी चंद्राकर का चयन हुआ हैं। विद्यालय से पूर्व से भी नवोदय विद्यालय के लिए छात्र-छात्राओं का चयन होते आ रहा हैं।

### बरगा में मनाई गई कर्मा जयंती



**बेमेतरा।** ग्राम बरगा में शुक्रवार को पाप मोचनी एकादशी के दिन साहू समाज की आराध्य देवी भक्त माता कर्मा जयंती धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। सुबह 10 बजे बाजार चौक स्थित रंगमंच में भक्त माता कर्मा की छायाचित्र का श्रृंगार कर विशेष रुप से पूजन अर्चन किया गया। इस दौरान ग्राम के पूनाराम साहू, कमलेश साहू पंच, ग्रा.पंचायत बरगा, दादु साहू, किशन साहू, भीखम साहू, श्रवण साहू सहित लोकगायक विश्वनाथ साहू ग्राम खाती, सुप्रसिद्ध गायक श्रवण साहू ग्राम बरगा, रविदास मानिकपुरी ग्राम सौरी, भजन गायक अवध रसिया ग्राम चुहका, रोशन कुमार साहू ग्राम जेवरा से उपस्थित रहे एवं संयोजक के रूप में पीलुराम साहू शिक्षक, हेमंत साहू शिक्षक, दुर्गेश साहू सभी का विशेष सहयोग रहा।

### प्रतिमा को किया खंडित आरोपी युवक पहुंचा जेल

**बालोद/निकुम।** अंडा थाना क्षेत्र के गांव में स्थापित तीन शिवलिंग को पत्थर मारकर खंडित करने से गुरुवार को अलसुबह ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त हो गया। हिन्दू धर्म के आस्था पर आहत करने से ग्रामीणजन बड़ी संख्या में जुट गये। वहीं अंडा थाना प्रभारी श्रध्दा पाठक सहित पुलिस टीम गांव पहुंची और नागरिकों को शांत कराया।

**समस्या : सड़कों पर आवारा मवेशियों से रोज हो रहे हादसे**

# सार्वजनिक स्थलों पर पशुओं के जमघट से लोगों की बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले भर में इन दिनों सड़कों व सार्वजनिक स्थलों पर पशुओं का लगातार जमावड़ा फिर दिखाई देने लगा है। जिससे सड़को पर हादसे निरन्तर बढ़ते जा रहे हैं और वहीं पशुओं को लेकर गांव से लेकर शहरी क्षेत्र के लोग भी परेशान है। क्योंकि खुले में घूम रहे पशुओं द्वारा फसलों को नुकसान भी पहुंचाया जा रहा है। लिहाजा बेमेतरा ज़लिा के शहरी क्षेत्र से लेकर ग्रामीण इलाकों तक सड़क पर घुमन्तू पशु समस्या बनी हुई है।

जिसके लिए आमलोगों का कहना है कि शासन-प्रशासन तो बदली किन्तु घुमंतू पशुओं को लेकर ज़लिे की समस्या का समाधान अभीतक नही हो पाया है। दरअसल ज्ञात हो कि विगत दिनों पूर्व रांका-कठिया क्षेत्र में नेशनल हाइवे पर तकरीबन आधे दर्जन मवेशियों को रात में अज्ञात वाहन द्वारा रौंद दिया गया था। इसके अलावा लगातार पशुओं के सड़क पर होने से हादसे की सूचना मिल रही है।





#### पिछली योजनाएं फेल

जिसमे राहगीरों को ईलाज मुहैया हो जाती है, किंतु मवेशियों को उचित उपचार नही मिल पाता। जिससे पशुओं की स्थिति देखकर ग्रामीणों में शासन-प्रशासन के प्रति नाराजगी व असन्तोष पनपने लगा है। साथ कृषि प्रधान ज़लिे में रवि की फसल के दौरान फिलहाल मवेशियों द्वारा फसल को चपत कर दिया जाता है। जिससे किसानों को काफी क्षति होता है। चूंकि इससे पहले पूर्ववर्ती सरकार द्वारा रोका-छेका व अन्य योजना घुमन्तू पशुओं को लेकर चल रही थी, जो पूर्णतः सफल साबित नही हुई और वहीं अब सत्ता परिवर्तन के पश्चात घुमंतु पशुओं के उचित रखरखाव व संरक्षण को लेकर कोई विशेष प्रयास नही किया गया है। जिसके कारण सड़को पर, पुल-पुलियों व सार्वजनिक स्थलों पर रोजाना दर्जनों की तादाद में मवेशियों के दिखना सहज लाजिमी है। जिस पर शासन-प्रशासन को ध्यान देने की जरूरत है। इस सम्बंध में ग्रामीणों को कहना है कि फिलहाल गांवों में पशुओं की समस्या आमबात है। इसके लिए शासन-प्रशासन के आमलोगों में सजगता एवं पहल जरूरी है तभी मवेशियों के संरक्षण हो पाएगी। जिससे सड़को पर दुर्घटनाओं में कमी होगी।

## कलेक्टर ने किया ट्रांजिट हॉस्टल का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

कलेक्टर रणबीर शर्मा ने ज़िला मुख्यालय स्थित ट्रांजिट हॉस्टल का ज़िला अधिकारियों के साथ निरीक्षण कर हॉस्टल की ज़रूरी व्यवस्थाओं को देखा। कलेक्टर ने हॉस्टल के कक्षों का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने बिजली, पानी, सफ़ाई का अवलोकन किया।

सुरक्षा व्यवस्था एवं गार्ड की जानकारी ली। अपर कलेक्टर डॉ.अनिल बाजपेयी, गुड्डूलाल जगत, संयुक्त कलेक्टर सुश्री अंकिता गर्ग, डिप्टी कलेक्टर दिव्या पोटाई, कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण निर्मल सिंह इस दौरान मौजूद थे। ट्रांजिट हॉस्टल में 24 अधिकारी-कर्मचारियों के रूकने लायक व्यवस्था है। यह हॉस्टल अगस्त 2017 में बन कर तैयार हुआ था। इसका निर्माण लोक निर्माण विभाग द्वारा किया गया था। कार्यपालन अभियंता निर्मल सिंह ने बताया कि ट्रांजिट हॉस्टल में जिले में आने वाले अधिकारियों / कर्मचारियों को ठहरने की सुविधा है। जब तक उन्हें आवास अलॉट नहीं होता वह हॉस्टल में ठहर सकते है। अधिकारियों / कर्मचारियों को आवंटन ज़रूरत के मुताबिक़ कलेक्टर द्वारा किया जाता है।

## बैंक के अंदर बाहर लगे कैमरे चालू स्थिति में हों, अंदर प्रवेश करने वालों की रखें जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जाम और पार्किंग व्यवस्था को व्यवस्थित करने के साथ ही सुरक्षा की दृष्टिकोण से सिटी कोतवाली में पुलिस अनुविभागीय अधिकारी मनोज तिर्की ने शहर के प्रमुख बैंक के शाखा प्रबंधकों की बैठक ली।

बैठक में पार्किंग व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए, बैंक के सामने लगने वाले अव्यवस्थित वाहनों को व्यवस्थित ढंग से पार्किंग किए जाने एवं सुरक्षा व्यवस्था का ध्यान रखते हुये बैंक के अंदर प्रवेश करने वाले प्रत्येक व्यक्तियों की जानकारी रखने की ताकीद दी। एसडीओपी श्री तिर्की ने यह भी प्रबंधकों से कहा कि बैंक अंदर और बाहर लगे कैमरे चालू स्थिति में हो। बैंक का खुलने और बंद होने का निर्धारित समय होने के साथ ही बैंक का सायरन चालू अवस्था में रहे, इस पर ध्यान केंद्रित रखने कहा। इसके अलावा उन्होंने बैंक अधिकारियों के पास निकटतम थाना/पुलिस कंट्रोल रूम/आपातकालीन नंबर मौजूद रहने ओर बैंक पटल पर लिखे जाने की समझाइश दी गई।

*बैंकों के सामने अव्यवस्थित पार्किंग में सुरक्षा दृष्टिकोण पर एसडीओपी ने शाखा प्रबंधकों ली बैठक*



#### बैंक में हेलमेट व चेहरा ढंककर व्यक्ति न घुसे

बैठक में एसडीओपी श्री तिर्की ने शहर के बैंक प्रबंधकों से कहा कि बैंक के अंदर प्रवेश करने वाले व्यक्ति चेहरा ढंककर व हेलमेट अथवा स्कार्फ पहन कर न आये इस पर विशेष एवं आवश्यक रूप से ध्यान दें। साथ ही बैंक के बाहर इस हिदायत को प्रबंधक नोटिश बोर्ड पर चस्पा करें। इसके अलावा उन्होंने रात्रि में बैंक परिसर में पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था बनाए रखने और कोई व्यक्ति, संदिग्ध लगे तो उसकी सूचना तत्काल पुलिस को देने के साथ ही अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस दौरान सिटी कोतवाली प्रभारी निरीक्षक चंद्रदेव वर्मा, अन्य स्टाफ एवं शहर के प्रमुख बैंक के शाखा प्रबंधक उपस्थित रहे।

### तांदूला नदी में डूबा मासूम

**अंडा।** थाना अंडा क्षेत्र के अंतर्गत ताडुंला नदी में एक मासूम की डूबने से मौत हो गई। बच्चे की उम्र केवल एक वर्ष बताई गई है। वहीं हादसे के बाद माता-पिता का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि बच्चे की मां सोनिया यादव पति संतानू यादव निवासी सुकेलाभाठा थाना पामगढ़ जिला जांजगीर-चांपा यहां रहकर ईंट भट्टे में मजदूरी करती थी। वह अपने पुत्र आयुष एक वर्ष को लेकर नदी में नहाने गई हुई थी। यहां नहाते समय उसने मासूम आयुष को किनारे में बिठाया हुआ था। थोड़ी देर बाद जब उसका ध्यान बच्चे पर गया तो वह किनारे में नहीं था। बच्चा सीधे पानी में गिरकर डूब गया था। थाना अंडा प्रभारी श्रध्दा पाठक के मार्गदर्शन के अनुसार एएस आई सुन्दर लाल नेताम घटना स्थल में जाकर पंचनामा कर बच्चे का शव परिजनों को सौंप दिया है।

## 66 चालकों से वसूला 20 हजार का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर, पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू के निर्देशन पुलिस द्वारा जिले में अवैध कार्यों के साथ साथ यातायात नियमों के उल्लघंन पर जोर शोर से कारवाई कर रही है। इस कड़ी में गुरुवार मोटर व्हीकल एक्ट के तहत 66 वाहन चालक पर कारवाई करते 20 हजार रुपए का जुर्माना लगा कर वसूला। वहीं माईनर एक्ट के तहत 10 व्यक्ति के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कारवाई भी किया।

इस अभियान के दौरान पुलिस टीम ने आम जगह पर शराब का सेवन करने एवं शराब पीने की सुविधा उपलब्ध कराने वाला 04 आरोपियों के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किए। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि मोटर व्हीकल एक्ट की कारवाई में बेमेतरा थाना क्षेत्र में 17 चालान, थाना नांदघाट 03, थाना खम्हरिया 06, थाना दाढी 04, थाना साजा



04, थाना परपोडी 06, चौकी देवकर 01, चौकी मारो 08, चौकी कंडरका 03, चौकी खण्डसरा 05, चौकी संबलपुर 06, चौकी देवरबीजा 03 व्यक्तियों का चालान किया गया। इस तरह जिले में 66 वाहन चालक के विरूद्ध चालान कार्यवाही की गई। इसी क्रम में जिले के विभिन्न थाना/चौकी प्रभारियों ने माईनर एक्ट के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करते हुए थाना बेमेतरा 01 प्रकरण में 02 व्यक्ति, थाना नवागढ 03 प्रकरण में 03 व्यक्ति, थाना परपोडी 02 प्रकरण में 02 व्यक्ति, चौकी संबलपुर 01 प्रकरण में 01 व्यक्ति, चौकी खण्डसरा 02 प्रकरण में 02 व्यक्ति के खिलाफ धारा 110,107,116 (3) जा.फौ. के तहत 09 प्रकरण में 10 व्यक्ति के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई। थाना दाढी, परपोडी एवं चौकी देवकर में आम जगह पर शराब सेवन करने एवं शराब पीने की सुविधा उपलब्ध कराने का कुल 04 प्रकरण में 04 आरोपियों के विरूद्ध धारा 36(च) एवं धारा 36(सी) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया।

**राजस्व प्रकरण को लेकर कलेक्टर से हुई चर्चा**

# नेशनल लोक अदालत को लेकर हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

आगामी नेशनल लोक अदालत के संबंध में आज यहां अध्यक्ष, जिला एवं सत्र न्यायाधीश बृजेन्द्र कुमार शास्त्री द्वारा बैठक ली गयी। बैठक में कलेक्टर रणबीर शर्मा, पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू, न्यायाधीशगण एवं अपर कलेक्टर डॉ.अनिल बाजपेयी उपस्थित थे। बैठक में आगामी 11 मई, आयोजित नेशनल लोक अदालत के संबंध में राजस्व प्रकरणों पर विस्तार से चर्चा की गयी।

बैठक में न्यायाधीशगण को राजीनामा योग्य प्रकरणों में पक्षकारों के मध्य प्री-सिटिंग कराकर आपसी सुलह समझौते के आधार पर अधिक से अधिक प्रकरणों के



निराकरण हेतु प्रोत्साहित करने एवं पूर्व में चिन्हांकित राजीनामा योग्य प्रकरणों के अतिरिक्त अन्य और राजीनामा योग्य प्रकरणों में पक्षकारों के मध्य प्री सिटिंग करने हेतु चर्चा की गई। अध्यक्ष एवं जिला न्यायाधीश बृजेन्द्र कुमार शास्त्री द्वारा राजस्व न्यायालय में लंबित प्रकरणों जैसे-खातेदारों के मध्य आपसी बंटवारे के मामले, वारिसों के मध्य बटवारे के मामले, याददाश्त के आधार पर बटवारों के मामले, कब्जे के आधार पर बटवारों के मामलें, सुखाधिकार से संबंधित मामले, विकय पत्र, दान पत्र वसियतनामा के आधार पर नामांतरण के मामले का निपटारा सरल तरीके से किये जाने हेतु भी चर्चा हुई। साथ ही नेशनल लोक अदालत में जारी नोटिस संबंधित पक्षकारो कों तामिल कराये जाने में सहयोग प्रदान करने पुलिस अधीक्षक बेमेतरा से विस्तृत चर्चा की गई।

नेशनल लोक अदालत के माध्यम से न्यायालय में राजीनामा योग्य आपराधिक प्रकरणों, धारा 138, पराक्रम्य लिखित अधिनियम, मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण बैंक रिकवरी प्रकरण, सिविल प्रकरण का निराकरण किया जाना है। पूर्व के नेशनल लोक अदालत के भांति इस बार भी अधिक से अधिक राजस्व प्रकरणों का निराकरण किया जाना है, जिसके संबंध में अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बैठक में चर्चा की गई।

### सरकारी नौकरी लगाने के नाम पर लाखों की ठगी

**भिलाई।** मंत्रालय व सरकारी विभागों में नौकरी लगाने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश हुआ है। पुलिस ने आरोपी दुर्वासा दास मानिकपुरी उर्फ अर्जुन उर्फ गोलू पिता स्व. बलराम दास मानिकपुरी उम्र 35 साल निवासी राधिका नगर सांई लीला थाना सुपेला को पकड़ा है। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड में भेजा गया। मामले के मुताबिक प्रार्थी तिवेन्द्र कुमार सिन्हा निवासी ग्राम रावा तहसील तरसीवा धतमरी अर्जुनी ने अपने अन्य पीड़ति साथियों के साथ थाना सुपेला उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि अर्जुन मानिकपुरी निवासी सुपेला द्वारा अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर मंत्रालय एवं अन्य विभागों में नौकरी लगाने के नाम से पैसे लेकर धोखाधडी किया है। प्रार्थी के रिपोर्ट पर थाना सुपेला में धोखाधडी का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मुखबीर द्वारा सूचना मिली कि आरोपी अर्जुन मानिकपुरी सुपेला आया है।


## पाठक सूचना

बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411

## खबर संक्षेप

### निर्वाचन व्यय दलों की बैठक आज

दुर्ग। लोकसभा निर्वाचन 2024 के सुचारू संचालन हेतु जिले में ईईएम (एफएसटी, एसएसटी, वीएसटी, वीवीटी, एईओ, अकाउंट टीम) का गठन किया गया है। उक्त गठित टीम दलों को डॉ. दिवाकर सिंह राठौर, संयुक्त संचालक, कोष लेखा एवं पेंशन एवं सहायक नोडल अधिकारी ईई.एम. द्वारा बीआईटी मैकेनिकल हॉल में 06 अप्रैल 2024 को प्रशिक्षण दिया जाएगा। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी बीके दुबे ने पुलिस अधीक्षक दुर्ग, सहायक आयुक्त सेन्ट्रल जीएसटी, वनमण्डलाधिकारी दुर्ग, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर सर्व जिला दुर्ग, श्रीमती भावना अली संयुक्त आयुक्त राज्य कर दुर्ग, सहायक आयुक्त आबकारी जिला दुर्ग, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी दुर्ग, प्रबर डाक अधीक्षक भिलाई, प्रधान डाकघर मुख्य डाकघर दुर्ग, श्री महेश सिंह राजपूत नोडल अधिकारी ईईएम लोकसभा निर्वाचन 2024, डॉ. दिवाकर सिंह राठौर सहायक नोडल अधिकारी ईईएम लोकसभा निर्वाचन 2024, श्रीमती रंजनी श्रीकुमार आयकर अधिकारी जिला नोडल अधिकारी लोकसभा निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण 2024, ए.ई.ओ. सर्व लोकसभा निर्वाचन 2024, श्री दिलीप नायक प्रबंधक लीड बैंक ऑफिस (सेल) बैंक ऑफ बड़ोदा फर्स्ट फ्लोर सिविक सेंटर, इंदिरा प्लेस भिलाई एवं उपसंचालक जनसंपर्क एवं नोडल अधिकारी एमसीएमसी को प्रवर्तन विभाग से संबंधित प्रावधानों की पीपीटी अथवा ट्रेनिंग मटेरियल के साथ ईईएम दलों के प्रशिक्षण के लिए उपस्थित होने का अनुरोध किया है।

### अवैध तरीके से तीन सौ लीटर डीजल का संग्रहण, चार गिरफ्तार

रायपुर। विधानसभा थाना क्षेत्र में पुलिस ने छापा मारकर एक खाली प्लाट में संग्रहण कर रखे गए तीन सौ लीटर डीजल को जब्त करते हुए चार लोगों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ आवश्यक वस्तु खाद्य अधिनियम के तहत कार्रवाई की है। गौरतलब है कि विधानसभा थाना क्षेत्र में पुलिस ने पिछले दिनों भी कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से संग्रहित डीजल जब्त करने की कार्रवाई की थी। पुलिस के मुताबिक अवैध रूप से डीजल संग्रहण करने के आरोप में उमेश साव, राकेश साव, उमेश राजवंशी, रामाश्रय मांझी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार उमेश द्वारा डीजल का अवैध रूप से कारोबार करने की लंबे अरसे से जानकारी मिल रही थी। इसके बाद उमेश की गतिविधियों की निगरानी की जा रही थी।

### 21 दुकानों पर नहीं मिली डस्टबिन, वसूला जुर्माना

रायपुर। नगर निगम ने स्वसहायता समूह की महिलाओं के साथ मिलकर जोनवार बाजार क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान चलाया है। गुरुवार को तेलीबांधा, देवपुरी बाजार क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग की टीम सहित स्वसहायता समूह की महिलाओं ने 21 दुकानदारों से गंदगी फैलाने और डस्टबिन नहीं रखने पर 2150 रुपए जुर्माना किया। इसी तरह आउटर के वार्ड स्थित कचना रोड और खम्हारडीह बाजार क्षेत्र में जोन-9 की टीम के साथ समूह की महिलाओं ने दर्जनभर दुकानदारों से सफाई में कोताही बरतने पर 2 हजार रुपए जुर्माना वसूल किया।

# गाइड लाइन को लेकर अभी भी संशय, अप्वाइंटमेंट बाद भी बारी का इंतजार

## राज्य शासन ने जारी नहीं किया आदेश, रजिस्ट्री बंद होने से जनता परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

भले ही राज्य शासन द्वारा कलेक्टर गाइड लाइन में तीस फीसदी छूट को समाप्त कर दिया गया है। लेकिन वित्तिय वर्ष के शुरूआत होने के बाद भी नया कलेक्टर दर को लेकर संशय की स्थिति निर्मित है। जमीन की रजिस्ट्री कराने लोग आनलाइन अप्वाइंमेंट तो ले रहे है, लेकिन इसके बाद भी उन्हें अपनी बारी का इंतजार करना पड रहा है।

हर वर्ष एक अप्रैल को कलेक्टर गाइड लाइन का नया दर जारी किया जाता है। एक अप्रैल को यह दर लागू होता है। लेकिन इस बार राज्य शासन द्वारा स्थिति स्पष्ट नही किया जा रहा है। जिसके चलते संशय की स्थिति निर्मित है। जमीन का सौदा होने के बाद क्रेता और विक्रेता रजिस्ट्री कराने अप्वाइंटमेंट तो ले रहे है, लेकिन उन्हें वेटिंग करना पड रहा है। जानकारी अनुसार जिला पंजीयक विभाग को राज्य शासन से स्पष्ट निर्देश नही मिलने के चलते बहरहाल वसीयत और मुख्तियारनामा (पावर आफ अटार्नी) की ही रजिस्ट्री की जा रही है। जमीन कार्य से जुडे दुर्गा यादव ने बताया कि, नई गाइडलाइन को लेकर स्थिति स्पष्ट नही है। ऐसे में वसीयत और मुख्तियारनामा की ही रजिस्ट्री हो रही है।

### वर्ष 2019 की दर हो सकती है लागू

उच्च सूत्रों से जानकारी अनुसार ऐसी चर्चा है कि, वर्ष 2019 में लागू किया गया कलेक्टर दर ही मान्य होगा। हांलाकि अभी जिला पंजीयक को लिखित आदेश नही मिले है। लेकिन ऐसी तैयारी चल रही है। बहरहाल राज्य शासन के निर्देश को लेकर न सिर्फ अफसर बल्कि क्रेता और विक्रेता टकटकी लगाए हुए है। नए वित्तिय वर्ष को शुरू हुए आज पांच दिन हो चुके है, इसके बाद भी राज्य स्तर से निर्देश नही मिले है।

### खास बातें

- वर्ष 2019 से जारी था कलेक्टर दर में तीस फीसदी छूट
- साफ्टवेयर से हटाए जा रहे तीस फीसदी छूट का आप्शन
- हर साल एक अप्रैल को लागू होता है दर



### जिला पंजीयक कार्यालय में सन्नाटा

वित्तिय वर्ष 2023 के अंतिम दिनों में तीस फीसदी छूट लेने के लिए भारी भीड विभाग में उमडी थी। लेकिन इसे एक अप्रैल से बंद कर दिया गया। जिसके बाद दफ्टर में सन्नाटा पसरा हुआ है। बताया गया कि, वर्तमान में छूटपूट वसीयत और पावर आफ अटर्नी की रजिस्ट्री हो रही है। वही कलेक्टर गाइड लाइन की दर की स्थिति सामने आने के बाद रजिस्ट्री एक बार फिर जोर पकड सकती है। इधर स्टांप वेंडर भी रजिस्ट्री नही होने से प्रभावित है। उनके सामने भी काम नही आ रहा है।

## आयोग ने आम लोगों की सुविधा के लिए लांच किए 7 एप्स

# हर दो घंटे की मिलेगी जानकारी, अब देख सकेंगे प्रत्याशियों का लेखा-जोखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

सूचना प्रौद्योगिकी का बेहतर इस्तेमाल कर इस बार लोकसभा चुनाव में आयोग द्वारा मतदाताओं को घर बैठे मतदान की अपडेट देने की तैयारी है। इसके लिए आयोग ने सात महत्वपूर्ण एप लांच किए गए है। जिसके चलते मतदाता घर बैठे चुनाव के दिन के दो-दो घंटे का हाल और अपने प्रत्याशियों से जुडे लेखा-जोखा को एक क्लिक पर देख सकेगें। जिला निर्वाचन आयोग द्वारा इन एप का अधिक से अधिक प्रचार किए जाने के निर्देश दिए है। आयोग का उछेश्य हैं कि, प्रौद्योगिकी आधारित मोबाइल एप्स विकसित कर मतदाताओं को भी निर्वाचन प्रक्रिया का हिस्सा बनाया जाए। आयोग द्वारा विकसित विभिन्न मोबाइल एप्स के उपयोग से मतदाताओं की निर्वाचन प्रक्रियाओं में सहभागिता और सुविधा दोनों बढ़ेगी।

### मतदाताओं को एक क्लिक में बूथ की मिलेगी ताजी रिपोर्ट



### सभी के लिए वोटर हेल्पलाइन एप

वोटर हेल्पलाइन एप से मतदाता अपना मतदाता परिचय पत्र (एपिक) नम्बर डाल कर अपने विधानसभा, पोलिंग बूथ एवं मतदाता सूची में सरल क्रमांक पता कर सकते हैं। यदि एपिक नंबर नहीं मालूम है तो मतदाता अपना विवरण जैसे नाम, रिश्तेदार का नाम, उम्र, लिंग एवं निर्वाचन क्षेत्र की जानकारी भरकर अपना नाम मतदाता सूची में खोज सकते हैं। मतदाता अपना ई- एपिक भी डाउनलोड कर सकता है। इस एप के जरिए मतदाता अपना नाम जोड़ने, विलोपन, स्थानांतरण या संशोधन के लिए आवेदन भी कर सकते हैं।

### शिकायत में भेज सकेंगे तस्वीर और वीडियो

सी विजिल एप से आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की तस्वीर और वीडियो को सीधे निर्वाचन आयोग को भेज सकते हैं। निर्वाचन के दौरान अगर किसी भी नागरिक को यह दिखता है कि, आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन हो रहा है तो वह इस एप पर शिकायत भेज सकता है। मतदाता को रिझाने के लिए पैसे अथवा उपहार वितरण, भड़काऊ भाषण देने, बिना अनुमति बैनर-पोस्टर लगाने, मदिरा वितरण, बिना अनुमति सभाएं करने, मतदान केन्द्र के 200 मीटर के अंदर प्रचार जैसे मामलों की शिकायत इस एप्से की जा सकती है।

### दिव्यांगों के लिए सक्षम मोबाइल एप

इस एप के जरिए दिव्यांग मतदाताओं को निर्वाचन के दौरान आने वाली समस्याओं के समाधान करने का प्रयास किया गया है। आयोग ने सक्षम एप के रूप में दिव्यांगों के लिए एक वन स्टॉप साधन विकसित किया है। इस एप में स्क्रीन रीडर, टेक्स्ट टू स्पीच सेवा, दृश्यता संवर्द्धन, रंग समायोजन जैसी सुविधाएं भी हैं। एप को दो-तरफा इंटरैक्टिव प्लेटफॉर्म के रूप में डिजाइन किया गया है। सक्षम एप के जरिए पंजीकरण की प्रक्रिया से लेकर मतदान के दिन पिक एंड ड्रॉप सुविधा का लाभ उठाया जा सकता है।

### पहली बार आनलाइन भरेंगे नामांकन पत्र

सुविधा कैंडीडेट एप के माध्यम से निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी को अपना नामांकन पत्र एवं शपथ पत्र ऑनलाइन भरने की सुविधा मिलती है। ऑनलाइन आवेदन के बाद स्लॉट बुक कर निर्धारित तिथि में भौतिक सत्यापन एवं निर्धारित शुल्क का भुगतान किया जा सकता है। प्रत्याशी को रैली, सभा आदि की अनुमति के लिए ऑनलाइन आवेदन की सुविधा भी इस एप में है। जिला उप निर्वाचन अधिकारी बजरंग दुबे ने बताया कि, हांलाकि इसके लिए त्रुटि सुधार होने पर प्रत्याशी को उपस्थित होना होगा।

### अपने प्रत्याशियों के बारे में जान सकेंगे

नो यूअर कैंडिडेट एप से मतदाता निर्वाचन लड़ रहे अभ्यर्थियों के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। मतदाता अपने लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों की शिक्षा, संपत्ति, आपराधिक रिकार्ड आदि की जानकारी इससे प्राप्त कर सकता है। नो यूअर कैंडिडेट (केवायसी) एप से मतदाताओं को निर्वाचन के लिए सही प्रत्याशी का चयन करने में मदद मिलती है।

### घर बैठे ले सकेंगे चुनावी हाल

वोटर टर्न ऑउट मोबाइल एप का उपयोग कर मतदान के दिन आम नागरिक मतदान की जानकारी घर पर बैठे बैठे पल-पल देख सकते हैं। इस एप के जरिए नागरिक तीनों ही चरणों में वोटर टर्न ऑउट की अद्यतन स्थिति जान सकते हैं। मतदान के दिन मतदान केन्द्रों के पीठासीन अधिकारी द्वारा हर दो घंटे में अपने केन्द्र पर मतदान की अद्यतन जानकारी दी जाती है।

### मानिटरिंग टीम की कार्यप्रणाली पर नजर

राज्य के 1800 से अधिक स्थैतिक एवं उड़नदस्ता दलों द्वारा की जा रही जब्ती (सीजर) की कार्यवाहियों को इलेक्शन सीजर मैनेजमेंट सिस्टम एप पर अपलोड किया जाता है। पुलिस विभाग, आयकर विभाग, जीएसटी विभाग के अधिकारी हर जब्ती को इलेक्शन सीजर मैनेजमेंट सिस्टम पर अद्यतन करते हैं। इसमें उड़नदस्ता दलों द्वारा की जा रही कार्यवाहियों की जानकारी मिलती है।

# चरणदास की टिप्पणी पर बिफरे भाजपाइयों ने घेरा कांग्रेस भवन




हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

छत्तीसगढ़ प्रदेश के नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत के द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ऊपर की गई टिप्पणी के विरोध में भारतीय जनता पार्टी द्वारा कांग्रेस भवन का घेराव कर दिया गया। इस दौरान बडी संख्या में भाजपाईयों ने नारेबाजी करते हुए कार्यवाही की मांग भी कर डाली।

दुर्ग जिला अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता द्वारा राजीव भवन ( कांग्रेस भवन) का घेराव किया। दुर्ग जिला संगठन प्रभारी राजीव अग्रवाल ने कहा कि, कांग्रेस पार्टी के आला नेता अपनी पार्टी की हार से बौखलाए हुए हैं और अपनी कोई भी राजनीति को चमकाने के उद्देश्य से आए दिन अनर्गल बयान बाजी कर रहे हैं, जो कहीं ना कहीं उनकी कुंठा ग्रस्त मानसिकता को दर्शाता है। उनका कहना है कि, नेता प्रतिपक्ष रहे चरणदास महंत ने राजनांदगांव में 2 अप्रैल को यह कहा कि, जो मोदी का सिर फोड़ेगा उसको जिताओ। भाजपा जिला अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा ने कहा कि जब जब प्रधानमंत्री के लिए ऐसे शब्दों का उपयोग किया गया है, चाहे चाय वाला बोलकर उनका मखौल उड़ाया हो, चाहे नीच राजनीति करने वाला कहा गया हो, चाहे उसको काटो उसको गोली मारो और आज कहा जा रहा है कि उनका सिर फोड़ो। उन्होने कहा जब-जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबंध में कहा गया है, वह बात हमेशा पलटकर कांग्रेसियों पर गई है। इस दौरान विधायक ललित चंद्राकर, जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र कुमार पाध्याय, विनायक नातू, अलका बाघमार, अरविंदर खुराना, मंत्री आशीष निंमजे, दीपक चोपड़ा, नीलेश अग्रवाल मनोज सोनी मीडिया प्रभारी राजा महोबिया शह प्रभारी राकेश दुग्गड, अजय तिवारी मंडल अध्यक्ष मदन बढई, डॉ सुनील साहू, विजय ताम्रकार, रजा खोखर, चैनसुख भट्टर, राहुल पंडित, मनोज शर्मा, नीतू श्रीवास्तव, रोशनी साहू, हेमलता साहू, बंटी चौहान, अनुपम मिश्रा, अमित पटेल उपस्थित रहे।

- भाजपा ने महंत के टिप्पणी को बनाया चुनावी मुद्दा

# युवा नेता भुवनेश ने किया भाजपा प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

आज भारतीय जनता पार्टी के छत्तीसगढ़ के प्रभारी नेता श्री नितिन नवीन जी के दुर्ग प्रथम आगमन पर कांग्रेस में रहे दिग्गज युवा नेता भुवनेश कुमार साहू ने भारतीय जनता पार्टी में प्रवेश लिया 1 भुवनेश कुमार साहू विगत 16 वर्षो से कांग्रेस में विभिन्न पदों में रहकर जनहित में कार्य कर रहे थे 1 भुवनेश कुमार साहू ने कांग्रेस में चली तानाशाही और कांग्रेस की खत्म हो रही विचार धारा व चंद कांग्रेस नेताओं के द्वारा फैलाए हुए सटा व नशाखोरी से बर्बाद हो रहे युवाओं को देखते हुए कांग्रेस छोड़ने व भारतीय जनता पार्टी से जुड़ने का फैसला लिया है 1 आज भारतीय जनता पार्टी के दुर्ग लोकसभा कार्यालय में भुवनेश कुमार साहू ने छ. ग. प्रभारी श्री नीतिन नवीन जी के उपस्थिति में भाजपा प्रवेश किया 1 कार्यक्रम में विशेष रूप से भारतीय जनता पार्टी के दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल जी, पूर्व सांसद चंदूलाल साहू जी, पूर्व मंत्री प्रेम प्रकाश पांडे,पूर्व मंत्री जागेश्वर साहू,पूर्व मंत्री रमशीला साहू,दुर्ग शहर के विधायक गजेंद्र यादव , दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, जिलाध्यक्ष जीतेन्द्र वर्मा,पूर्व अध्यक्ष शिव चंद्राकर, डॉ. राहुल गुलाटी जी, पिछड़ा वर्ग प्रदेश मंत्री तुलसी साहू, अरविन्दर खुराना, जमील खान, तिलक राज व अन्य वरिष्ठजन उपस्थित रहे।

- विजय बघेल ने भाजपा पटका पहना कर जोड़ा भाजपा परिवार से



# सुबह नौ बजे से मतदान दल रवाना करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल प्रदेश महामंत्री ओम प्रकाश पाण्डेय एवं दुर्ग जिला अध्यक्ष शत्रुघ्न साहू के नेतृत्व में जिला निर्वाचन अधिकारी बजरंग दुबे से मुलाकात कर लोकसभा निर्वाचन के दौरान भीषण गर्मी को देखते हुए प्रशिक्षण स्थल, सामग्री वितरण एवं जमा केंद्र तथा मतदान केंद्र और मतगणना स्थल पर निर्वाचन कार्य में लगे कर्मचारियों की सुविधा के लिए ज्ञापन सौंप कर अपनी मांगों से अवगत कराया। जिसमें प्रमुख रूप से मतदान सामग्री वितरण केंद्र एवं जमा केंद्र तथा मतदान केंद्र और मतगणना स्थल पर कर्मचारियों की सुविधा के लिए शीतल जल और कूलर की व्यवस्था करने की मांग सबसे प्रमुख रही। इसके अतिरिक्त प्रतिनिधिमंडल ने सुबह 7 से सामग्री उपलब्ध कराने, सुबह 9 बजे तक मतदान दलों को रवाना मतदान केंद्र के लिए रवान करने की मांग की है। प्रशिक्षण के द्वितीय चरण में दल के सभी सदस्यों से परिचय की मांग, मतदान सामग्री के साथ निर्वाचन कर्तव्य प्रमाण पत्र ( EDC ) की मांग, मतदान सामग्री वितरण एवं जमा हेतु पर्याप्त काउंटर की मांग, अधिकारियों एवं कर्मचारियों के मानदेय का अतिशीघ्र भुगतान की मांग, महिला कर्मचारी वाले मतदान केंद्र पर शौचालय एवं स्नानागार की व्यवस्था अनिवार्यतः किए जाने की मांग तथा सामग्री वितरण केंद्र, सामग्री जमा केंद्र और मतगणना स्थल पर कर्मचारियों के लिए कैंटीन तथा आवास की व्यवस्था किए जाने की मांग रखी है। इस दौरान छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश महामंत्री ओम प्रकाश पाण्डेय एवं दुर्ग जिला अध्यक्ष शत्रुघ्न साहू, दुर्ग जिला उपाध्यक्ष कमल वैष्णव, संजय चन्द्राकर, राहुल झा आदि शामिल रहे।



# राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य परीक्षा के लिए चिंगरी स्कूल के 8 विद्यार्थियों का हुआ चयन



दुर्ग। शास. पूर्व माध्यमिक शाला चिंगरी के कक्षा 8वीं के 8 छात्र-छात्राओं का चयन राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य परीक्षा में हुआ है। इसमें द्विवांश साहू पिता दिनेश साहू 125 प्राप्तांक, खुशी देशमुख पिता गजपति देशमुख 87 प्राप्तांक, ग्रीश साहू पिता महेंद्र साहू 92 प्राप्तांक, हर्षा पटेल पिता गजपति पटेल 88 प्राप्तांक, दुलेश पटेल पिता रमेश पटेल 77 प्राप्तांक, गोविंदा साहू पिता टुम्मन साहू 79 प्राप्तांक, मिताली बंजारे पिता मुकेश बंजारे 77 प्राप्तांक, तेजश्वी पिता परमेश्वर टंडन 70 प्राप्तांक का राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य परीक्षा सन् 2024 मे सफलता प्राप्त किया है। इन छ्त्राओ में दिव्यांस साहू का राज्य स्तर पर तीसरा नंबर में है तथा हिंदी माध्यम स्कूलों में जिले चिंगरी का स्कूल तीसरा स्थान में नाम आया। विद्यालय मे 8 छात्र छात्राओं विद्यार्थियों को उपहार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधान पाठक जितेंद्र चंद्राकर, शिक्षक डीएल देशमुख, पूजा चंद्राकर, सुमन देशमुख, पार्वती साहू, ऋचा अवस्थी व शाला प्रबंधन समिति एवं देवेंद्र वर्मा ने छात्र छात्रों का उत्साहवर्धन कर उन्हे सफलता के लिए शुभकामनाएँ दी।

## कलेक्टर ने कामधेनु विश्वविद्यालय का किया निरीक्षण

# कामधेनु विवि में मिलेगी राज्य स्तर के हास्टल की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने आज अंजोरा स्थित पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कृषि विज्ञान केंद्र एवं विश्वविद्यालय से संबंधित समस्त गतिविधियों एवं समस्याओं के बारे में जानकारी ली।

इस दौरान जिला पचांयत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अश्वनी देवांगन भी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने विश्वविद्यालय में चल रहे शैक्षणिक, अनुसंधान एवं विस्तार कार्यों की समीक्षा एवं निरीक्षण किया। विश्वविद्यालय अंतर्गत संचालित पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय अंजोरा दुर्ग में डेयरी, बकरी, मुर्गी पालन इकाई, विभिन्न विभागों वेटनरी पब्लिक हेल्थ एवं एनसीसी रेजीमेंट के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। कुलपति आरआरबी सिंह ने कॉलेज के बारे में बताया कि, यहां जिला स्तर पर हॉस्टल की सुविधा उपलब्ध है, अभी इसकी क्षमता बढ़ाकर राज्य स्तर पर अपग्रेड किया जा रहा है। इस दौरान कुलपति ने बताया कि, यहां से बकरियां किसानों को दी जाती है। भ्रमण के दौरान विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलपति डॉ. एसके तिवारी, कुलसचिव, डॉ. आरके सोनवाने, निदेशक विस्तार शिक्षा डॉ. एस. शाक्य, निदेशक अनुसंधान डॉ. जीके दत्ता, निदेशक शिक्षण, डॉ. एसके मैती, ओएसडी वित्त डॉ. एमके अवस्थी, उप कुलसचिव, डॉ.एमके गेंदले उपस्थित थे।



### छात्र रोजगार की दिशा में बढ रहें

कुलपति ने बताया कि, यहां छात्र-छात्राएं परीक्षा उत्तीर्ण करने के उपरांत कुछ ने अपना निजी क्लीनिक प्रारंभ किया और डॉक्टर के रूप में प्राइवेट प्रैक्टिस कर रहे हैं। कुछ छात्र-छात्राएं विभिन्न मेडिकल कंपनियों में नौकरी कर रहे हैं। कुछ ने पशु चिकित्सा की प्रशासनिक एवं अकादमिक सेवा को अपना भविष्य चुना है।

### विवि में विभिन्न प्रजाति के जानवर

कलेक्टर ने अधोसंरचना की प्रमुख समस्याओं जैसे बाउण्ड्रीवॉल, सड़क तथा अन्य मरम्मत कार्यों को जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया। कलेक्टर ने पशु वीर्य अनुसंधान केंद्र का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वहां पाले जा रहे अलग-अलग प्रजाति के सांडो का अवलोकन किया। डॉक्टर ने बताया कि, यहां पर जर्मनी के सांडों की प्रजाति भी रखी गई है। उन्होंने ओसामाना बादी बकरी पालन केंद्र, घुड़सवारी स्थल, अंजोरी एवं अन्य नस्लों की मुर्गी/अण्डा यूनिट, बटेर पालन आदि गतिविधियों का निरीक्षण किया। साथ ही महाविद्यालय से पशुधन प्रक्षेत्र हेतु पक्की सड़क निर्माण हेतु प्रस्ताव प्रेषित करने हेतु निर्देशित किया। इस दौरान कुलपति ने बताया कि, यहां से बकरियां किसानों को दी जाती है।

उपलब्धि

# कोकओवन और ओएचपी का भी रिकार्ड उत्पादन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सेल–भिलाई इस्पात संयंत्र ने वित्त वर्ष 2023–24 में ब्लास्ट फर्नेस में ईंधन के रूप में प्रयुक्त होने वाले ड्राई ब्लास्ट फर्नेस कोक उत्पादन, ओर हैंडलिंग में मटेरियल हैंडलिंग, रिफ्रैक्टरी मटेरियल प्लांट3 में लाइम और कैल्साइंड डोलोमाइट का उत्पादन तथा प्लेट मिल में हाई टेंसाइल प्लेटों के उत्पादन में रिकॉर्ड दर्ज किया है।

कोक ओवन एवं कोल केमिकल विभाग ने 3.19 मिलियन टन ड्राई ब्लास्ट फर्नेस कोक उत्पादन दर्ज कर सर्वश्रेष्ठ उत्पादन दर्ज किया। ओएचपी ने भी 22.23 मिलियन टन मटेरियल हैंडलिंग कर 20.75 मिलियन टन के पिछले सर्वश्रेष्ठ रिकॉर्ड को पार किया। आरएमपी–3 ने भी अब तक का सर्वश्रेष्ठ 6.34 लाख टन लाइम और

■ सेलेबल स्टील में सर्वश्रेष्ठ लोडिंग

कैल्साइंड डोलोमाइट उत्पादन दर्ज किया, जो कि पिछले वित्त वर्ष में दर्ज पिछले सर्वश्रेष्ठ उत्पादन 4.96 लाख टन से कहीं अधिक है। प्लेट मिल ने भी 2,63,230 टन स्पेषल स्टील हाई टेंसाइल ग्रेड प्लेटों का उत्पादन कर रिकार्ड कायम किया।

बैठक

# ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन की बैठक में अहम निर्णय



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

छग ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन की बैठक ट्रांसपोर्ट नगर हथखोज के यूनियन भवन में संपन्न हुई। इसमें ट्रांसपोर्टरों के हित में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में सभी सदस्य व पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में निर्णय लिया गया की समस्याओं के निदान के लिए सभी ट्रांसपोर्टर यूनियन में अपनी सदस्यता ग्रहण करें। यूनियन के प्रांतीय अध्यक्ष प्रभुनाथ बैठा के विषयों से अवगत कराने के बाद यूनियन ने संगठन की आर्थिक स्थिति से मजबूत करने पर जोर दिया। छत्तीसगढ़ के बाहर प्रदेशों को 4 जोन में बांटने का निर्णय लिया गया ताकि सभी जगह का किलोमीटर के हिसाब से रेट डिसाइड हो सके । बैठक में दुर्गा पटेल, जगत राम,रायपुर के रणजीत सिंह वालिया, इंद्रपाल सिंह ,बल्लू यूनियन के कार्यकारी अध्यक्ष जसवंत सिंह सैनी, सचिव सुरजीत सिंह सैनी कोषाध्यक्ष बलजिंदर सिंह ने संगठन को सुदृढ़ करने और ट्रांसपोर्ट नगर का विकास के जल्द विकास की पर बल दिया। एसोसिएशन के संरक्षक प्रभुनाथ बैठा ने बताया इस अवसर पर लोकसभा प्रत्याशी विजय बघेल भी उपस्थित हुए और ट्रांसपोर्ट नगर को हर सुविधा मुहैया कराने का संकल्प लिया। बैठक में पार्षद बहलराम साहू , इंद्रजीत सिंह सैनी ,पंकज सेठी, शंभूनाथ बैठा, सतीश अग्रवाल, रतन कुमार पोद्दार, पंकज सेठी, विनोद सिंह, गोपी अरोरा ,राजू अरोरा ,जीएस मिश्रा ,,सुमित कुमार बैठा ,अर्जुन सिंह, पाली , सिद्धार्थ बोरकर आदि मौजूद थे।

तैयारी

# विजय संकल्प की तैयारी में जुटा भाजपा रिसाली मंडल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

दुर्ग ग्रामीण विधान सभा रिसाली मंडल अंर्तगत बाल उद्यान में शक्ति केन्द्र 15 पर आयोजित शक्ति केन्द्र की कार्यकारणी बैठक में विधायक ललित चन्द्राकर शामिल हुए। आगामी लोकसभा चुनाव हेतु कार्यकर्ताओं को दिशा निर्देश देने दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के विधायक ललित चंद्राकर ग्रामीण इलाकों में लगातार कार्यकर्ताओं की बैठक ले रहे हैं। भाजपा बूथ मज़बूत करने की अभियान में जुटी है और इसके लिए संघठनात्म कार्य निरंतर जारी है गत दिवस उतई मंडल के विभिन्न गांवों में शक्ति केंद्र की बैठक सम्पन्न कर रिसाली मंडल में बैठक लिए । इस अवसर पर विधयाक ललित चन्द्राकर ने कहा आगामी लोकसभा चुनाव में 400 पार के विजय संकल्प को पूरा करने के लिए हम सब संकल्पित है भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए और भारत को आर्थिक रूप से शसक्त बनाने के लिये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार पुनः स्थापित करना है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से अध्यक्ष रिसाली मंडल शेलेंद्र शेंडे,रिसाली मंडल प्रभारी श्रीमती उपासना साहू,महामंत्री राजू जंघेल, महा मंत्री दशरथ साहू, संयोजिका ललिता सिंह सह संयोजक सुषमा सिंह, आरती शर्मा ,आशा यादव ,अमित वोरा ,नेता प्रति शैलेंद्र साहू ,रानी तिवारी वरिष्ठ कार्यकर्ता, महिला मोर्चा अध्यक्ष रूखमणी साहू, महिला मोर्चा उपा अध्यक्ष नीलू, प्रीति त्रिपाठी,अजीत चौधरी, प्रमोद कुमार,भूपेंद्र दास, खिलेश्वरी, अशोक यादव,कविता , सुजान तिवारी आदि मौजूद थे।

निर्णय

# स्कूल को देना होगा 2 माह का वेतन व अनुभव प्रमाणपत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई




9 वर्ष से एक निजी स्कूलों में कार्यरत शिक्षिका को स्कूल प्रबंधन ने बिना नोटिस दिए अचानक नौकरी से निकाल दिया, इससे महिला शिक्षिका को मानसिक आघात हुआ। असंगठित क्षेत्र में बिना किसी पूर्व सूचना के अपमानित कर काम से निकाले जाने के इस मुद्दे पर छत्तीसगढ़ महिला आयोग ने सख्त ऐतराज जताया और पीड़ित महिला को इंसाफ दिलाया है। महिला आयोग की पहल पर अब स्कूल प्रबंधन प्रभावित शिक्षिका को 9 साल का अनुभव प्रमाण पत्र और दो माह का वेतन देने राजी हुआ है। मामला इस्पात नगरी भिलाई के प्रतिष्ठित टावरी परिवार का है। इस परिवार की बहू सुरुचि टावरी राजधानी रायपुर के पब्लिक स्कूल में शिक्षिका थी। शिकायत में शिक्षिका ने बताया कि 3 मार्च को निजी स्कूल के वार्षिक उत्सव में उन्होंने हिस्सा लिया। जहां प्राचार्य ने सबके सामने उनके कार्य की भरपूर प्रशंसा की। फिर इसके 3 दिन बाद अचानक 7 मार्च 2024 को प्राचार्य ने उन्हें नौकरी से निकाल दिया। अचानक बिना किसी पूर्व सूचना के इस तरह अपमानित कर नौकरी से निकाले जाने से शिक्षिका श्रीमती टावरी बेहद परेशान हो गईं। उन्होंने इस बाबत छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग में शिकायत की। जहां सुनवाई के दौरान प्राचार्य ने कहा कि उनके स्कूल में 2 से 5 वर्ष तक के बच्चे पढ़ते हैं। कुछ बच्चों के पालकों की शिकायत पर शिक्षिका को नौकरी से निकाला गया है। इस पर प्रभावित शिक्षिका का कहना था कि उसे कभी भी शिकायत के बारे में जानकारी नहीं दी गई ना ही कोई नोटिस दिया गया। आयोग अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक एवं सदस्य बालू बघेल ने दोनों पक्षों को विस्तार से सुना महिला ने अपने 9 साल के कार्यकाल का अनुभव प्रमाण पत्र व नोटिस पीरियड का 2 माह का वेतन मांगा। इस पर स्कूल प्रबंधन ने स्वीकार कर लिया।

## खबर संक्षेप

### बुलेट वाहन से पटाखा फोड़ते वीडियो वायरल

**भिलाई।** एक बुलेट वाहन चालक के द्वारा बुलेट वाहन से फटाका फोड़ने के मामले में यातायात पुलिस ने कार्रवाई की। पुलिस को आम नागरिक को परेशान करता हुआ वीडियो प्राप्त हुआ था जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा तत्काल कार्यवाही करने हेतु निर्देश दिया गया। वाहन नंबर के आधार पर वाहन चालक पता कर वाहन चालक एवं बाईक को यातायात मुख्यालय लाया गया और वाहन चालक को एवं परिजन को भविष्य में इस प्रकार की लापरवाही नहीं करने हेतु समझाईश देते हुए अपने और मित्रों एवं आम नागरिको को ऐसे लापरवाहीपूर्वक न करने हेतु अपील की गई। वाहन चालक के उपर मोटर व्हीकल एक्ट की धारा लापरवाही पूर्वक वाहन चालन एवं बिना लायसेंस वाहन चालन के धाराओं के तहत कार्यवाही करते हुए 3500-रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। पुलिस ने अपील की है कि यदि आपके आस पास इस प्रकार के लापरवाह वाहन चालक या मोडिफाईड सायलेंसर का उपयोग करने वाले वाहन हो तो उसका वाहन नंबर के साथ यातायात हेल्पलाईन नंबर में फोटो वीडियों भेजे। यातायात पुलिस दुर्ग द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जावेगी एवं जानकारी देने वाले का नाम गोपनीय रखा जावेगा।

समस्या : गर्मी बढ़ने के साथ ही बढ़ी रही पेयजल किल्लत

# टाउनशिप में घर-घर लगे मोटर पंप ऊपरी माले में नहीं चढ़ रहा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

गर्मी बढ़ने के साथ ही टाउनशिप में पेयजल किल्लत की समस्या भी बढ़ने लगी है। इससे लोगों को परेशानियों से जूझना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा दिक्कत विभिन्न सेक्टरों के ऊपरी माले में निवास करने संयंत्रकर्मी रहवासियों को हो रही है। पानी की कमी में घर घर मोटर पंप लगाने से लोगों को गर्मी के तीन महीने के दौरान होने वाले परेशानी की चिंता सताने लगी है। यूनियनों ने बीएसपी से दोनों टाईम पेय जलापूर्ति किए जाने की मांग की है।

सेक्टरी इलाके में अप्रेल महीने की शुरुआत में ही पेयजल समस्या बढ़ गई है। कुछ साल पूर्व तक टाउनशिप के आवासों में सुबह और शाम यानी दोनों टाईम पानी सप्लाई की जा रही थी। लेकिन पिछले चार साल से एक ही वक्त सुबह ही आवासों के नलों में पानी दिया जा रहा है। इसके चलते गर्मी का मौसम शुरु होने पर मार्च के दूसरे सप्ताह से ही रहवासियों को पेयजल किल्लत का सामना करना पड़ रहा है, जो अब तापमान बढ़ने और पानी अधिक लगने से समस्या बढ़ रही है। क्षेत्रवासियों ने बताया कि समस्या की एक बड़ी

### एक टाइम पानी सप्लाई में कैसे हो गुजारा



वजह सेक्टरों के तीस फीसदी नीचे के मकानों में मोटर पंप लगा होना है। पानी खींच लेने से सैकड़ों तिमंजिला आवासीय ब्लाकों के दूसरे और तीसरे माले के क्वार्टरों के नलों में पानी की धार का पतला होना है। पाइप लाइन भी वर्षों पुरानी है। पानी की धार कम होने से सेक्टर 8, 6,7 सेक्टर 4 आदि में रहवासी नीचे के रहवासियों ने पानी मांगकर गुजारा कर रहे हैं। रहवासियों ने बताया कि गर्मी में हर पानी की समस्या से परेशान होना पड़ता है। नीचे के लोग मोटर से पानी खींच ले रहे हैं। पूर्व केबिनेट मंत्री प्रेमप्रकाश पांडेय ने विधानसभा चुनाव में बतौर प्रत्याशी दोनों टाईम पानी दिलाने को चुनावी मुद्दा बनाया था। सांसद विजय बघेल को भी ग्रामीण इलाके में पानी छुड़वाने के प्रयास की तरह टाउनशिप में भी दोनों टाइम जलापूर्ति के प्रयास की जरुरत है।

### बिगड़े बोरिंग, एटीएम में भीड़

गर्मी के मौसम में हैंडपंप पानी के लिए बड़ा सहारा होते हैं। लेकिन टाउनशिप में पचासों बोरिंग पांच छह साल से बिगड़े पड़े हैं। इन्हें सुधारने की भिलाई निगम और रिसाली निगम ने जहमत नहीं उठाई है। पार्षद भी बेखबर बने हुए है। सेक्टर 4,6, सेक्टर 7 रिसाली सेक्टर आदि में कई हैंडपंप बंद हैं। पेयजल के लिए लोग सेक्टर 6 पीएंडटी कालोनी एटीएम व सेक्टर 7 मार्केट आदि कई सेक्टरों में देर रात तक कतारबद्ध हैं।

### बढ़ गई है पानी की खपत

गर्मी बढ़ने के साथ ही पानी की खपत भी बढ़ गई है। लोग पानी तो ज्याद पी रही रहे हैं, कूलर आदि में भी लगने से खपत बढ़ गई है। इस पर टाउनशिप में कई लोग रोज अपनी कारें और दोपहिया घरों के सामने ठंडकता के लिए सड़क पर पानी डाल रहे हैं। क्षेत्रवासियों ने बताया कि एक टाइम पानी मिलने पर भी अनेक लोग अपने किचन गार्डन की सींच रहे हैं।।

# एक साल पढ़ाई बंद तो भी मिलेगा सर्टिफिकेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा लिये गये निर्णयानुसार समूचे छत्तीसगढ़ प्रदेश में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 लागू होने जा रही है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में यह भी सुविधा है कि यदि कोई विद्यार्थी किसी कारणश एक वर्ष के पश्चात अध्ययन बंद कर देता है तो उसे सर्टिफिकेट प्रदान किया जायेगा। दो वर्ष के अध्ययन के बाद अध्ययन में व्यवधान आने पर विद्यार्थी को डिप्लोमा प्रमाणपत्र प्राप्त होगा। इसके अलावा स्नातक स्तर पर चार वर्षीय पाठ्यक्रम भी संचालित किया जायेगा। इस पाठ्यक्रम के अंतिम वर्ष में शोध कार्य से संबंधित जानकारी प्रदान की जायेगी। शासन के आदेश के परिपालन में हेमचंद यादव विवि दुर्ग में भी राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 नये शिक्षण सत्र से लागू किया जाना है। कुलपति, डॉ. अरूणा पल्टा लगातार विश्वविद्यालय के अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा–निर्देश दे रही हैं। राज्य शासन द्वारा राज्य स्तर पर गठित समितियों ने विष्वविद्यालय की कुलपति, डॉ. अरूणा पल्टा, कुलसचिव भूपेन्द्र कुलदीप, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव आदि मौजूद थे।

■ नये शिक्षा सत्र से राष्ट्रीय शिक्षा नीति होगी लागू

**राष्ट्रीय शिक्षा नीति छात्रहित में: डॉ. पल्टा**

राज्यशासन के मंशा के अनुसार राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 से जुडे विभिन्न बिन्दुओं को विश्वविद्यालय से जुड़े समस्त प्राध्यापकों, सहायक प्राध्यापकों तथा विद्यार्थियों को अवगत कराने हेतु विश्वविद्यालय स्तर, संभाग स्तर, जिला स्तर तथा महाविद्यालय स्तर पर अनेक कार्यशाला एवं सेमीनार ऑनलाईन तथा ऑफलाईन रूप से आयोजित किये जायेंगे। जिससे राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 से संबंधित किसी भी बिन्दु पर कोई शंका न रहे। अधिकारियों की बैठक में कुलपति डॉ. पल्टा ने कहा कि इसमें विद्यार्थी को अपने रूचि के अनुसार विषय चयन करने की सुविधा है तथा उसे मूल्यपरक शिक्षा एवं कौशल विकास का भी अवसर प्राप्त होगा।

टाउनशिप में हजार अवैध कब्जे हटाए

# इंफोर्समेंट की टीम ने वित्त वर्ष में हटाए कब्जे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग के इंफोर्समेंट विभाग की टीम द्वारा सेक्टर एक एसबीआई तिराहे पर ठेले न लगाने की समझाईश दी। यहां सड़क के किनारे ठेलों और खोमचे वालों के काबिज होने से भीड़ के चलते ट्रैफिक की समस्या बनी रहती है। इससे लोगों को परेशानी होती है। सभी को हिदायत दी गई कि व्यस्ततम सड़क के किनारे कब्जे न करें।टीम में जीएम केके यादव, रामा यादव सहित भट्ठी थाना के टीआई विपिन रंगारी और प्रवर्तन विभाग के लोग शामिल थे।

### जारी रहेगी बेदखली मुहिम

वित्त वर्ष में भू–माफियाओं अवैध कब्जाधारियों के विरुद्ध कई अवैध कब्जे हटाए गए। इस दौरान हजार से अधिक कब्जे हटाए गए। वित्त वर्ष में भी यह कार्यवाही प जारी रहेगी। बेजा कब्जा हटाओ मुहिम के तहत अब तक 137 क्वार्टरों को कब्जामुक्त कराया जा चुका है। वहीं कई वर्गफुट बीएसपी जमी को भी भूमाफियाओं से खाली कराया गया। संपदा न्यायालय द्वारा पारित डिक्री प्रकरणों पर पुलिस बल और मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में की जा चुकी है। 2023–24 में 76 प्रकरणों को सम्पादित किया गया। निष्पादित डिक्री की संख्या 76 रही, जिसमें भूमि डिग्री निष्पादन की संख्या 37 तथा हाउस डिग्री निष्पादन की संख्या 39 है। इन कार्यवाही से कुल भूमि पुर्न प्राप्ति क्षेत्र 43.5 एकड़ रहा।

### बैनर पोस्टर भी हटाए

अण्डर ब्रिज सेक्टर–2 से भिलाई पावर हाउस रेल्वे स्टेशन तथा इक्यूपमेंट चौक से फ्लाई ओवर ब्रिज पावर हाउस तक, लगभग 103 अवैध दुकानों को हटाकर कब्जामुक्त कराया गया। मुख्य सड़कों, चौक–चौराहो से 125 अवैध ठेला, स्टल को जप्त किया गया तथा 230 अवैध ठेलों स्टालों को हटाया गया। ठेला व्यवसायियों को हटाने 25 बार संयुक्त कार्यवाही की गयी। टाउनशिप क्षेत्र में लगाए गए 9600 अवैध बैनर पोस्टर को हटाया गया।

# नियमों की धज्जियां उड़ाने वाले दो मयखानों पर लगा ताला

## विधायक रिकेश ने डेढ़ महीने पहले दी थी हिदायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

तय नियमों और मापदंड की अवहेलना कर वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र में संचालित बार के लिए खतरे की घंटी बज चुकी है। आपको बता दें कि हाल ही में सूर्या टीआई मॉल में संचालित लेस्टोमेनिया और कोहका में अवंती बाई चौक का चेरिओट बार का लायसेंस अप्रैल से आबकारी विभाग ने नवीनीकृत करने से इंकार कर दिया है।

गौरतलब हो कि वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने फरवरी महीने में ही नीति नियमों की अवहेलना कर बार के भीतर कई अनैतिक गतिविधियों और अन्य नशा परोसने वाले बार संचालकों को हिदायत दी थी कि वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र में ऐसे बार संचालक अपने क्रियाकलाप सही कर लें वरना उनका लायसेंस रिनिवल नहीं होगा और ऐसे बार पर ताला लगेगा।

■ कई अन्य बार फंसे रिनीवल की कतार में

नतीजतन चिन्हित ऐसे सभी बार के लायसेंस का नवीनीकरण टेढ़ी खीर साबित हुआ है। सूर्या टीआई मॉल के लिस्टमेनिया में अनेक बार छापा पड़ा लेकिन यहां हर बार नियमों की अवहेलना मिली। पूर्व सरकार में कुछ लोगों का सपोर्ट होने से इस बार के खिलाफ ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी परिणाम स्वरूप यह बार मनमाने ढंग से संचालित होता रहा। कोहका स्थित चेरिओट बार के समीप ही कई शैक्षणिक संस्थाएं थीं और बार से लगे रानी अवंती बाई चौक पर रात में शराबियों की धमाचौकड़ी और गाली गलौज जगजाहिर था। विधायक रिकेश ने विधानसभा में भी ऐसे चिन्हित बार की सूची मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को सौंपी थी।

### मिल रही थी शिकायतें

विधायक सेन ने कहा कि वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र के सुपेला, रामनगर, कोहका, जुनवानी, पावर हाऊस में कई बार संचालित हैं, इसके आलावा कई बड़े होटल भी लायसेंस लेकर शराब परोसते रहे हैं। इनमें कुछ ऐसे भी हैं जिनमें शराब के आलावा ड्रग्स सहित कई प्रकार के नशा भी मुहैया कराया जाता रहा है। ऐसे बार लायसेंसधारक एफएल लायसेंस में तय नीति नियमों की धज्जियां उड़ाते रहे हैं, इनके खिलाफ पिछली सरकार में अनेक शिकायतें होने के बाद भी कार्रवाई नहीं होती थी। अब ऐसे चिन्हित बार का लायसेंस आगामी तीन वर्ष तक रिनिवल नहीं होगा फिलहाल दो बार के लायसेंस रिनीवल नहीं हुए हैं और ऐसे ही कुछ और बार पर कार्रवाई होगी। जिन बार के खिलाफ अनेक बार देर रात मारपीट सहित नियम विरुद्ध संचालन की शिकायतें हुईं, ऐसे लोग न तो समय पर बार बंद करते हैं और न ही नियमों का पालन करते हैं। इनमें शराब के आलावा ड्रग्स पार्टी, विभिन्न तरह के नशीले पदार्थों की उपलब्धता रही है। ऐसे प्रतिष्ठान वैशाली नगर की शांति के लिए लगातार खतरा रहे हैं और अब विष्णुदेव सरकार में इनकी तानाशाही पर न केवल अंकुश लगेगा बल्कि इनको बंद करते हुए लायसेंस रिनिवल नहीं किया जाएगा। अब ऐसे लोगों की जोर जबरदस्ती खत्म होगी, ताला लगेगा, लायसेंस सस्पेंड होगा, रिनिवल नहीं करेंगे। उन्होंने बताया कि अभी और कई बार रिनीवल की कतार में फंसेंगे।

# विस अध्यक्ष से मिलने पहुंचे सीएम साय और वित्त मंत्री



*रायपुर। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और वित्त मंत्री ओपी चौधरी गुरुवार को विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से मिलने उनके निवास पहुंचे। इस दौरान मुख्यमंत्री श्री साय और वित्त मंत्री श्री चौधरी ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह के स्वास्थ्य की जानकारी ली और उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के लिए कामना की।*

# नवनियुक्त पदाधिकारी का स्वागत अब कॉलेजों में चलेगा अभियान

## एनएसयूआई का राष्ट्रीय अधिवेशन दिल्ली में 7 और 8 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

एनएसयूआई द्वारा बीते दिनों देशभर से राष्ट्रीय सचिवों की नियुक्ति की गई। छग से हनी बग्गा को यह प्रभार मिला है। दिल्ली से रायपुर लौटने पर उनका भव्य स्वागत किया गया।

एनएसयूआई के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने एयरपोर्ट से लेकर राजीव भवन तक बाइक रैली निकाली एवं जगह-जगह स्वागत किया। उन्होंने बताया, आगामी लोकसभा चुनावों को देखते हुए एनएसयूआई द्वारा राहुल गांधी के पांच न्याय को लेकर विशेष अभियान चलाया जाएगा। इसके अंतर्गत कॉलेजों तक पहुंचकर युवाओं को इसकी जानकारी दी जाएगी। रोजगार सहित अन्य मुद्दों पर भी इस दौरान चर्चा होगी। इसके लिए कॉलेजों में विशेष तौर से हेल्प डेस्क लगाए जाएंगे।



### बांटी जाएगी जिम्मेदारी

राष्ट्रीय सचिव हनी बग्गा ने बताया, एनएसयूआई का राष्ट्रीय अधिवेशन 7 और 8 अप्रैल को दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। इसमें सारे राष्ट्रीय पदाधिकारियों को आमंत्रित किया गया है। अधिवेशन में आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर रणनीति बनाई जाएगी। सभी पदाधिकारियों को विभिन्न स्तर पर जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। इसके अलावा राज्यों का प्रभार भी वितरित किया जाएगा। छत्तीगसढ़ के एनएसयूआई कार्यकर्ताओं को भी विभिन्न जिम्मेदारी बांटी जाएगी। अधिवेशन में इससे संबंधित अन्य चर्चाएं भी होंगी।

### सिंधी साहिती की बैठक 10 को मनाएंगे चेट्रीचंड्र

रायपुर। सिंधी साहिती बिरादरी मंडल के कार्यकारिणी सदस्यों की गत दिनों बैठक हुई। उपस्थित सभी लोगों ने चेट्रीचंड्र पर्व 10 अप्रैल को शानदार तरीके से मनाने का निर्णय लिया। कार्यक्रम में सब सदस्यों और समाज का सहयोग होना जरूरी है। इस संबंध में प्रभारी अनिल हेमानी, राजेश बिधानी ने बताया कि 2 अप्रैल को बस्तियों में जाकर बिस्किट, मिठाई बांटी गई। इसी प्रकार 5 अप्रैल को वृद्धाश्रम, 8 को प्रेरणा ब्लैंड स्कूल हीरापुर, 10 को जयस्तंभ चौक पर शोभायात्रा का स्वागत कार्यक्रम होगा। इसी दिन शाम 6 बजे से रात्रि 11 बजे तक प्रसाद वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम में दिलीप इसरानी, सुनील अजवानी, हरि इसरानी, शंकर दानवानी, सतीश छुगानी, अशोक खूबचंदानी, नरेंद्र हरचंदानी, मनोहर छुगानी, हरिश अबिचंदानी, नरेश दानवानी आदि उपस्थित रहेंगे।

## खबर संक्षेप



### 86 साल के इतवारी ने मूंछों पर ताव देकर कहा- लोकतंत्र की शान के लिए वोट जरूर देंगे

**रायपुर।** लोकसभा चुनाव में युवाओं के साथ अब उम्रदराज लोगों को भी मतदान करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। इसके लिए गुरुवार को ग्राम लांजा एवं खोरसी में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान ग्राम लांजा में 85 वर्ष के इतवारी कोसले ने कहा कि लोकतंत्र की शान के लिए वे जरूर मतदान करेंगे। नाटक के माध्यम से प्रलोभन फ्री मतदान का संदेश मतदाता जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र-52 आरंग में कम मतदान प्रतिशत वाले ग्राम लांजा एवं खोरसी में स्वीप टीम ने जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान स्वीप टीम ने मतदाता जागरूकता गीतों के साथ-साथ नुक्कड़ नाटक के माध्यम से शत प्रतिशत मतदान का संदेश देते हुए प्रलोभन फ्री मतदान की शपथ दिलाई। मतदाता जागरूकता अभियान में बड़ी संख्या में ग्रामीण, स्वसहायता महिला समूह, युवाओं तथा वरिष्ठ नागरिकों की सहभागिता रही।

### खल्लारी मंदिर परिसर में चलाया स्वच्छता अभियान



**रायपुर।** केयर स्किल फाउंडेशन द्वारा ग्राम पंचायत राखी में गुरुवार को खल्लारी मंदिर परिसर में शीतल पेयजल व्यवस्था की गई। साथ ही स्वच्छता अभियान, पौधारोपण और डस्टबिन का वितरण किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत राखी के उपसरपंच पोषण पटेल, जोएधा साहू, पं. बलराम तिवारी सहित ग्रामवासी के केयर स्किल फाउंडेशन के अध्यक्ष चंद्रशेखर साहू, विजय कुमार निषाद, धन्नूलाल चंद्रवंशी, सनील जांगड़े, ओमकार साहू, चमन पटेल, दिलीप साहू, निर्मला साहू, भुनेश्वरी साव, बुशरा खान, हेमलाल साहू आदि लोग उपस्थित रहे।

### अखिलेश अध्यक्ष, ओझा बने उपाध्यक्ष

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ टैक्स बार काउंसिल का 18वां राज्यस्तरीय सेमिनार बिलासपुर के एक निजी होटल में हुआ। इसमें प्रदेशभर से कर सलाहकार, अधिवक्ता, चार्टर्ड अकाउंटेंट सहित बड़ी संख्या में छत्तीसगढ़ स्टेट बर





काउंसिल के सदस्य और पदाधिकारी उपस्थित थे। इस दौरान वर्ष 2024-26 के लिए कार्यकारिणी का चुनाव हुआ, जिसमें अध्यक्ष दुर्ग के अखिलेश मिश्रा को चुना गया। अन्य पदाधिकारियों में महासचिव शिवकुमार सोनी रायपुर, उपाध्यक्ष आरके ओझा अंबिकापुर, भागवत साहू राजनांदगांव, माला सिंह कोरबा को चुना गया। इसके अलावा कोषाध्यक्ष मनोज ताम्रकार दुर्ग, सहसचिव मनमोहन साहू राजनांदगांव और अमित अग्रवाल रायगढ़, प्रचार-प्रसार सचिव अशोक साहू राजनांदगांव चुने गए।

# फरवरी की बिजली साढ़े तीन फीसदी महंगी, खपत के हिसाब से अब मार्च के बिल में वसूली


हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अब हर माह बिजली की कीमत तय होने के कारण इस बार फरवरी की बिजली करीब साढ़े तीन फीसदी महंगी हो गई है। उपभोक्ताओं को एक अप्रैल से मार्च का जो बिल मिल रहा है, उसमें फरवरी की खपत के हिसाब से वसूली हो रही है।

जनवरी की बिजली में एफपीपीएएस शुल्क 6.70 फीसदी था, जो अब 10.12 प्रतिशत हो गया है। यानी 3.42 फीसदी बढ़ गया है। आने वाले समय में मार्च की बिजली और ज्यादा महंगी होने की संभावना है, क्योंकि बिजली की खपत बढ़ने से पॉवर कंपनी को बाहर से बिजली लेनी पड़ रही है जो उनकी अपनी बिजली से ज्यादा महंगी मिल रही है। प्रदेश में अब तक बिजली उपभोक्ताओं से वीसीए के रूप में बिजली की कीमत बढ़ने से अंतर की राशि वसूली जाती थी, लेकिन इसको केंद्र सरकार ने पिछले सत्र से बंद कर दिया है।

इसके स्थान पर केंद्रीय सरकार के निर्देश पर छत्तीसगढ़ राज्य बिजली नियामक आयोग ने अब उत्पादन लागत के अंतर की राशि को उपभोक्ताओं से वसूलने के लिए नया फार्मूला फ्यूल पावर परचेज एडजस्टमेंट सरचार्ज (एफपीपीएएस) लागू कर दिया है। इसी के तहत पिछले साल अप्रैल से उपभोक्ताओं से वसूली हो रही है।

**अब हर माह एफपीपीएएस फार्मूले से ऊर्जा प्रभार पर प्रतिशत के हिसाब से तय होती है कीमत**




### हर माह तय होती है कीमत

नए फार्मूले में हर माह बिजली की कीमत तय होती है। सबसे पहले पिछले साल अप्रैल में पहली बार नया फार्मूला लागू होने पर शुल्क 5.30 प्रतिशत लिया गया। इसके बाद मई में शुल्क डबल होकर 10.29 प्रतिशत हो गया। तीसरे माह शुल्क रिकॉर्डतोड़ 14.23 प्रतिशत पर जा पहुंचा। लेकिन इसके बाद जुलाई में शुल्क कम हुआ और 11.43 प्रतिशत हो गया। अगस्त में शुल्क 10.31 प्रतिशत रहा। सितंबर और अक्टूबर में आचार संहिता के कारण अगस्त का शुल्क लिया गया क्योंकि शुल्क में कमी आ रही थी, इस लिए इसको नहीं बदला गया शुल्क बदलने से आचार संहिता की बात आती। फिर बाद में सितंबर और अक्टूबर की कीमत तय होने पर इसका समायोजन किया गया। नवंबर में शुल्क कम होकर 7.04 प्रतिशत हो गया। दिसंबर में यह शुल्क 6.30 प्रतिशत हो गया। नए साल के पहले माह जनवरी में यह शुल्क 6.70 प्रतिशत था। अब फरवरी के लिए जो प्रतिशत तय किया गया है, 10.12 फीसदी है। ऐसे में फरवरी की बिजली करीब साढ़े तीन फीसदी महंगी हुई है। फरवरी का शुल्क मार्च के बिल में वसूला जाएगा। मार्च का बिल इस माह अप्रैल ने आने लगा है। उपभोक्ताओं ने फरवरी में जो खपत की होगी, उसके ऊर्जा प्रभार पर 10.12 फीसदी के हिसाब से शुल्क बिल में जोड़ा जा रहा है।

## अस्पताल में भर्ती मरीजों के परिजनों व डॉक्टर्स की सुविधा का ऐसा हाल

# खानपान की सुविधा देने डीकेएस की दुकानों में 4 साल से ताला, पहला टेंडर भी हो गया रद्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

स्मार्ट सिटी में न्यूरोसर्जरी के लिए डीकेएस जाना-पहचाना नाम है। यहां छत्तीसगढ़ ही नहीं, बल्कि दूसरे राज्यों से भी हजारों लोग मरीजों का इलाज कराने के लिए आते हैं। इसे देखते हुए परिजनों व नर्सिंग स्टाफ को खान-पान की सुविधा देने के लिए परिसर में बनवाई गई दुकानों में विगत 4 साल से ताला लगा है। इसके कारण परिजनों ही नहीं, बल्कि डॉक्टर्स भी सुविधा से वंचित हैं।

राजधानी के दाऊ कल्याण सिंह स्नातकोत्तर संस्थान एवं अनुसंधान केन्द्र (डीकेएस) परिसर में 5 साल पहले 20 लाख से ज्यादा खर्च करके बनवाए गए व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स की चार दुकानों में विगत चार साल से सन्नाटा पसरा है। बनवाते समय दावा




किया गया था कि इनमें लोगों को 24 घंटे खान-पान की सुविधा दी जाएगी। इसे शुरू करवाने में विलंब होने से रात 10 बजे के बाद परिजनों को दूध-चाय, बिस्किट जैसे जरूरी सामान की सुविधा भी नहीं मिल रही है। वहीं डीकेएस में मरीजों को बेहतर सर्जिकल सुविधा मिलने से दूसरे शहरों से भी लोग इलाज कराने आते हैं। मस्तिष्क और रीढ़ के ट्यूमर की समस्या से जुड़े लोग ज्यादा होते हैं। लंबी और जटिल सर्जरी करने के साथ यहां सर्जन जटिल रीढ़ और सीवीजे सर्जरी के साथ दर्द व मिर्गी के लिए सर्जरी के साथ परिधीय तंत्रिकाओं की सर्जरी से भी रोगियों को लाभ होता है। हाईटेक सुविधा वाले डीकेएस अस्पताल में सब है, लेकिन खान-पान की सुविधा नहीं है।

### चुनाव के बाद फिर होगा टेंडर

> सुविधा बाधित होने और परेशानी को देखते हुए टेंडर किया गया था, इसमें तीन से कम आवेदन आने से टेंडर को रद्द कर दिया गया। अब चुनाव के बाद फिर टेंडर किया जाएगा।
>
> - डॉ. हेमंत शर्मा, उप अधीक्षक, डीकेएस, रायपुर

### परिजन बोले रोज परेशानी

मरीजों का इलाज कराने डीकेएस में कई दिनों से रुके विकास सिन्हा ने बताया कि खाने-पीने के लिए जरूरी सामान लेने के लिए भटकना पड़ता है। परिजनों की यह रोज की समस्या है। परिसर में दुकानें तो हैं, मगर खान-पान की सुविधा नहीं मिल रही। होमेश्वर वर्मा और चंद्रकांत साहू ने बताया कि कई बार डॉक्टर्स को भी चाय पीने के लिए बाहर जाते देखते हैं। सुरक्षा गार्डों ने बताया, हमें तो चाय भी नहीं मिलती है। सबसे ज्यादा परेशानी बाहर से आने वाले नए मरीजों के परिजनों को होती है।

### प्रबंधन का प्रयास भी फेल

अस्पताल सूत्रों ने बताया कि कुछ महीने पहले दुकानों को शुरू करने के लिए प्रबंधन ने प्रयास किया था, जो फेल हो गया। इसमें नियम व शर्तों को पूरा करने वाले दो आवेदन ही मिले। इसके बाद भी दुकान लेने दबाव बनाया जा रहा था। इसे देखते हुए पहला प्रयास फेल हो गया। इसका खामियाजा अस्पताल में ड्यूटी देने वाले नर्सिंग स्टाफ व नाइट ड्यूटी करने वाले डॉक्टर्स को खान-पान की सुविधा के लिए रेलवे स्टेशन जाना पड़ता है। शहर में और कहीं यह सुविधा रात में नहीं मिलती है।

# भाजपा ने जारी किया गीत, वो आएगा, फिर आएगा, मोदी आएगा




### विष्णुदेव साय, नितिन नवीन, किरण देव सहित कई भाजपा नेताओं से सोशल मीडिया पर किया पोस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित चिमनानी द्वारा लिखित और गाया गीत वो आएगा, फिर आएगा, मोदी आएगा गीत आज भाजपा ने लांच किया। गीत को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, भाजपा प्रदेश चुनाव प्रभारी नितिन नवीन, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव, मंत्री केदार कश्यप ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट में शेयर किया।

गीत में हाई बेस बिट्स के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कई विजुअल्स का इस्तेमाल किया गया है जो ऑडियंस के लिए आकर्षण का विषय बन रहा है।

गीत के बोल है- वो आएगा, फिर आएगा, मोदी आएगा
भारत का मान बढ़ाने
दुश्मन को धूल चटाने
श्री राम का नारा लगाने
मथुरा में खुशियां लाने।
वो आएगा, फिर आएगा, मोदी आएगा।
गरीब हो हक दिलाने
महिला का मान बढ़ाने
युवा को न्याय दिलाने
विश्वगुरु भारत बनाने
है रुकता नहीं,वो थकता नहीं
,दुश्मन के आगे झुकता नहीं
वो डरता नहीं, किसी बात से भी,जो
कहता पीछे हटता नहीं है राम का
राज दुलारा, जनता का वो रखवाला,
लगे मोदी सबको प्यारा, जिसे चाहे
जमाना सारा।

# कमीशनखोरी के कारण पीडीएस में सड़े-गले, गुणवत्ता विहीन राशन का वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने साय सरकार पर पीडीएस को लेकर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कहा, छत्तीसगढ़ की सरकारी राशन दुकानों में गुणवत्ताहीन और सड़े-गले चावल, गेहूं की सप्लाई की जा रही है। अप्रैल और मई के लिए आवंटित चावल और गेहूं अधिकतर ग्रामीण इलाकों की दुकानों में बेहद रद्दी स्तर के हैं। छत्तीसगढ़ में डबल इंजन की सरकार आने के बाद भारतीय जनता पार्टी के नेताओं की कमीशनखोरी के चलते आम जनता को मिलावटी और गुणवत्ता विहिन राशन लेने मजबूर किया जा रहा है।

> ■ मिलिंग पर प्रति क्विंटल 40 रुपए "साय भोग" की कीमत जनता को चुकानी पड़ रही : वर्मा

उन्होंने कहा, जब से छत्तीसगढ़ में विष्णुदेव साय की सरकार आयी है, पीडीएस के सरकारी राशन दुकानों से चना, नमक, शक्कर, मिट्टी तेल गायब हो गया है। कटौती करके जो चावल और गेहूं भेजे जा रहे हैं, वह भी सड़े-गले अपुपयोगी, गुणवत्ताहीन और मिलावटी हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि मिलावटखोरों को भाजपा के नेताओं के संरक्षण में गुणवत्ता विहीन राशन लेने मजबूर किया जा रहा है। मिलरों से 40 प्रति क्विंटल की कमीशनखोरी के कारण खराब राशन के सप्लायरों को भाजपा सरकार का संरक्षण है। पूर्व में यह भी तथ्य उजागर हुआ कि बिना स्टॉक के भौतिक सत्यापन किए जनवरी में 37 प्रतिशत राशन की कटौती की गई और उसके बाद फरवरी के राशन में 44 प्रतिशत की भारी भरकम कटौती की गई।

अप्रैल और मई के लिए आबंटित चावल गेहूं की गुणवत्ता को लेकर लगातार शिकायतें आ रही हैं। रायपुर जिले के खरोरा के निकट बुडेरा ग्राम पंचायत में तो प्रर्दशन भी हुए, लेकिन भाजपा की साय सरकार कार्रवाई करने के बजाय परदेदारी करने में जुटी हुई है।

# 2024 का चुनाव देश के संविधान और लोकतंत्र को बचाने निर्णायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी सचिव चंदन यादव ने रायपुर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के उत्तर विधानसभा के कार्यकर्ताओं की बैठक ली। बैठक में आगामी लोकसभा के लिए रणनीति तैयार की गई। बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं की बैठक लेने के निर्देश दिए, साथ ही कांग्रेस की पांच गांरटियों को जनता तक पहुंचाने के निर्देश दिए गए। वार्ड में अधिक से अधिक झंडे, बैनर, वॉल राइटिंग के साथ अपने-अपने बूथ के प्रत्येक घर में कांग्रेस के लिए वोट की अपील करने कहा गया।

छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिव चंदन यादव ने कहा, 2024 का चुनाव देश के संविधान और लोकतंत्र को बचाने का चुनाव है। केंद्र मे बैठी भाजपा की सरकार विपक्ष की आवाज को दबाने मे लगी है। सवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर विपक्ष को डराने का काम किया जा रहा है। निर्वाचित मुख्यमंत्रियों को जेल में डाल दिया जाता है। मुख्य विपक्षी कांग्रेस पार्टी के खातों को सीज किया जा रहा है। पूर्ण रूप से केंद्र की भाजपा सरकार तानाशाही रवैये पर उतर चुकी है। बैठक में शहर अध्यक्ष गिरीश दुबे, ग्रामीण जिला अध्यक्ष उधोराम वर्मा, महेंद्र छाबड़ा, प्रमोद दुबे, डॉ. राकेश गुप्ता, प्रवक्ता बंशी कन्नौजे, राकेश धोतरे और नागभूषण राव उपस्थित थे।

### कांग्रेस के झंडे घरों में लगाकर सोशल मीडिया में पोस्ट करें

रायपुर लोकसभा प्रत्याशी विकास उपाध्याय ने कहा, कार्यकर्ता अपने अपने क्षेत्र मे कड़ी मेहनत करें। कांग्रेस पार्टी के झंडे अपने घरों में लगाकर उसे सोशल मीडिया में पोस्ट करें। कांग्रेस की गारंटियों को जनता के बीच पहुंचाएं एवं जनता को बताएं कि 10 साल में केंद्र की भाजपा सरकार के कारण आज देश मे कितनी महंगाई बढ़ी हुई है।

# कांग्रेस के लोकसभा चुनाव कार्यालय का जिला मुख्यालय में उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के लिए जिला मुख्यालय स्थित पुराना बस स्टैंड में जिला कार्यालय का उद्घाटन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं आम जनता उपस्थित हुई। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के पूर्व मंत्री रविन्द्र चौबे, गुरु रुद्र कुमार एवं पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ,जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बंशी पटेल के साथ साथ दुर्ग लोकसभा प्रत्याशी राजेन्द्र साहू शामिल रहे । कार्यक्रम में पूर्व मंत्री द्वय द्वारा कार्यालय का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में राजेंद्र साहू ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि दुर्ग लोकसभा का प्रत्याशी मैं बस नहीं, क्षेत्र का हर कार्यकर्ता प्रत्याशी है। पूर्व मंत्री श्री चौबे ने कहा कि आज पूरा देश महंगाई की मार से जूझ रहा है। देश का युवा वर्ग बेरोजगारी से, किसान उनका सही एवं उचित हक न मिलने से और महिलाओं को सुरक्षा नहीं मिल रही है। पूर्व मंत्री गुरु रुद्र कुमार ने कार्यकर्ताओं को बिना किसी मन एवं मत भेद के इस चुनाव में राजेन्द्र साहू को जीताना है।

> ■ कांग्रेस प्रत्याशी राजेन्द्र साहू ने कहा - भाजपा ने महंगाई और बेरोजगारी बढ़ाई

### पूर्व मंत्री चौबे,रुद्र,पूर्व विधायक छाबड़ा सहित कांग्रेस नेताओं ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश





### नांदघाट के ग्राम करमसेन मछुआ कांग्रेस हुई बैठक

कार्यालय उद्घाटन के पश्चात नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के नांदघाट स्थित ग्राम करमसेन में मछुआ कांग्रेस द्वारा आयोजित कार्यकर्ता बैठक में कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी राजेन्द्र साहू, पूर्व मंत्री रविन्द्र चौबे, पूर्व मंत्री गुरु रुद्र कुमार, पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा उपस्थित थे। बैठक में निषाद समाज के अध्यक्ष लालाराम निषाद, उपाध्यक्ष पुसउ निषाद, सचिव रामाधार निषाद, कोषाध्यक्ष पूनाराम निषाद, संगठन सचिव भगवती निषाद, सहसचिव बिसनाथ निषाद, सलाहकार रवि निषाद, सरपंच मंगला निषाद, मंत्री बुधेलाल, मोहन निषाद, अशोक निषाद, नेमा निषाद, श्रीराम निषाद, सम्मन निषाद, नाथूराम निषाद, शिवचरण निषाद नरेंद्र निषाद मोहन निषाद रामसिंग निषाद राजाराम निषाद अमलेश निषाद विशेश्वर निषाद आदि उपस्थित थे।

# कांग्रेस की 5 न्याय 25 गारंटी लोकसभा चुनाव में गेमचेंजर साबित होंगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



कांग्रेस की 5 न्याय 25 गारंटी लोकसभा चुनाव में गेमचेंजर साबित होंगी। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, कांग्रेस पार्टी ने देश की जनता के लिये लोकसभा चुनाव में 5 न्याय और 25 गारंटी दी है। जनता को कांग्रेस के वादों से आशा की नई किरण दिख रही है। कांग्रेस ने कुल 5 न्याय की गारंटी दी है।

नारी न्याय, युवा न्याय, किसान न्याय, मजदूर न्याय और भागीदारी न्याय पांचो न्याय घोषित होने के बाद से ही देश के हर वर्ग के मतदाताओं में कांग्रेस के प्रति नजरिया बदला है, लोगों को कांग्रेस की सरकार में अपना भविष्य दिख रहा है। उन्होंने कहा, कांग्रेस ने महिलाओं को हर साल 1 लाख और महिनें में 8333 रुपए देने और केन्द्रीय भर्तियों में 50 प्रतिशत आरक्षण का भी वादा कांग्रेस ने किया है। घोषणा के बाद महिलायें मतदाताओं का ध्रुवीकरण कांग्रेस की ओर हुआ है। कांग्रेस ने मनरेगा मजदूरों की मजदूरी 200 से बढ़ाकर 400 करने का वादा किया है, इससे मजदूरों के जीवन स्तर में बदलाव आयेगा। किसानों को उनकी ऊपज की पूरी कीमत देने को भी प्रतिबद्ध है, इसीलिये कांग्रेस न्यूनतम समर्थन मूल्य को कानूनी गारंटी देगी, इसके लिये संसद में कानून बनाया जायेगा।







